बुलेटिन #008
सुलभ टैक्सी प्रोत्साहन प्रोग्राम

स्थायी नीति समिति रिपोर्ट और हितधारक रिपोर्ट: हमने क्या सुना
10 नवंबर, 2021

इस बुलेटिन के ज़रिए उद्योग हितधारकों को सुलभ टैक्सी प्रोत्साहन प्रोग्राम के आगामी प्रकाशन के बारे में आने वाले दिनों में ख़ास जानकारी दी जाएगी। इस ख़ास जानकारी को, जिसमें सुलभ टैक्सी प्रोत्साहन प्रोग्राम और WAV कैलगरी केंद्रीकृत प्रेषण सेवा में किए जाने वाले बदलाव शामिल हैं, जिन्हें बुधवार, 17 नवंबर, 2021 को समुदाय विकास समिति के एजेंडा में शामिल किया जाएगा।

समिति की बैठक का एजेंडा और सुलभ टैक्सी प्रोत्साहन प्रोग्राम की ख़ास जानकारी और साथ में दस्तावेज़ निम्नलिखित लिंक पर उपलब्ध हैं: https://www.calgary.ca/ca/city-clerks/legislative-services/agenda-minutes.html

समुदाय विकास समिति के लिए आम जनता की ओर से प्रस्तुत राय

समिति की ओर से ख़ास जानकारी की कोई प्रेज़ेंटेशन नहीं की जाएगी और आम जनता के सदस्यों को बोलने का अवसर नहीं दिया जाएगा, हालांकि आम जनता की लिखित राय स्वीकार कर उसे समिति के सदस्यों को उपलब्ध कराया जाएगा। पब्लिक सबमिशन फ़ॉर्म का इस्तेमाल कर लिखित में राय भेजी जा सकती है।

हितधारक रिपोर्ट वापस आ चुकी है: हमने क्या सुना

सुलभ टैक्सी प्रोत्साहन प्रोग्राम की समीक्षा का समर्थन करने के लिए हितधारक सहभागिता प्रक्रिया को अब पूरा कर लिया गया है। इस सहभागिता प्रक्रिया की ख़ास जानकारी और उद्योग हितधारकों से इकट्ठा किया गया फ़ीडबैक हितधारक हमने क्या सुना रिपोर्ट में शामिल है।

आगामी दिनों में यह बुलेटिन अम्हारिक, अरबी, हिंदी, पंजाबी और उर्दू में भी उपलब्ध कराया जाएगा और उसे Calgary.ca पर पोस्ट किया जाएगा।

सुलभ टैक्सी प्रोत्साहन प्रोग्राम में भागीदारी करने और फ़ीडबैक देने के लिए धन्यवाद।

अगर आपको सुलभ टैक्सी प्रोत्साहन प्रोग्राम के संबंध में अतिरिक्त पूछताछ करनी है, तो कृपया ltsengagement@calgary.ca से संपर्क करें।

साभार,

अब्दुल रफ़ीह
मुख्य लिवरी इंस्पेक्टर
कैलगरी समुदाय मानक